# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक/I/239576/2026/आवि./प्रयास/2026-27 रायगढ़ दिनांक19-06-2026

**प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 11वीं में Lateral Entry के माध्यम से प्रवेश हेतु सूचना का प्रकाशन (सत्र 2026 -27 )।**

## -:: प्रवेश नीतिः:-

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय योजना छत्तीसगढ शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य नक्सल प्रभावित घोषित जिले एवं आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय / अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु प्रारंभ से ही विशेष कोचिंग के माध्यम से तैयार कर सक्षम बनाया जाना है। इन प्रयास आवासीय विद्यालयों से प्रत्येक वर्ष अधिक से अधिक मात्रा में विद्यार्थी चयनित होकर उच्च संस्थानों में प्रवेशित होते हैं।

शास. प्रयास आवासीय विद्यालय रायगढ़ के कक्षा 11वीं मे गणित/जीव विज्ञान संकाय में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 54 सीट रिक्त हैं जो परिवर्तनशील है। रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा Lateral Entry के माध्यम से होगा।

- प्रयास आवासीय विद्यालयों का विवरणः -वर्तमान में हमारे शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय रायगढ के कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु रिक्त सीट का वर्गवार विवरण निम्नानुसार है:-

| क. | संचालित संकाय | अजजा | | पीवीटीजी | | अजा | | अपिव | | सामान्य | | योग | | महायोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालक | कन्या | बालक | कन्या | बालक | कन्या | बालक | कन्या | बालक | कन्या | बालक | कन्या | |
| 1 | गणित/ जीव विज्ञान | 18 | 4 | 3 | 2 | 5 | 3 | 4 | 5 | 8 | 2 | 38 | 16 | 54 |

टीपः- शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) के कक्षा 11वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का संकाय परिवर्तन की ऑनलाईन प्रक्रिया जारी है। उक्त प्रक्रिया के फलस्वरूप रिक्त सीट की संख्या परिवर्तनशील रहेगी।

- प्रवेश संबंधी महत्वपूर्ण तिथियाँ :-

| क्र | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित प्रकाशन तिथि से | |
| 2 | आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि | 03 जुलाई 2026 |
| 3 | आवेदन में त्रुटि सुधार (Correction Window) | 04 जुलाई से 06 जुलाई 2026 |
| 4 | प्रवेश पत्र जारी | 08 जुलाई 2026 |
| 5 | **Lateral Entry प्रवेश परीक्षा का** आयोजन | **11 जुलाई 2026 10:00 से 01:00** |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 6 | मॉडल उत्तर जारी | 14 जुलाई 2026 |
| 7 | दावा-आपत्ति | 17 जुलाई 2026 तक |
| 8 | परीक्षा परिणाम, मेरिट सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी | 25 जुलाई 2026 |
| 9 | प्रथम चरण प्रवेश प्रक्रिया | 26 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक |
| 10 | द्वितीय चयन सूची जारी | 01 अगस्त 2026 |
| 11 | द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया | 02 अगस्त से 04 अगस्त 2026 तक |
| 12 | अंतिम चयन सूची जारी | 06 अगस्त 2026 |

मूल्यांकन पश्चात् वर्गवार मेरिट सूची वेबसाईट prayasraigarh.in पर अपलोड की जावेगी। तदनुसार मेरिट क्रम में प्रयास विद्यालयों में प्रवेश दिये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

- <u>योजना अंतर्गत शामिल क्षेत्र :-</u> प्रयास आवासीय विद्यालय योजना (संशोधित) नियमावली 2020 अंतर्गत प्रवेश परीक्षा में निम्नांकित क्षेत्र के विद्यार्थी इस परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं :-

1. प्रदेश के सम्पूर्ण अनुसूचित क्षेत्र में स्थित शासकीय / अशासकीय शालाओं से कक्षा 10 वी उत्तीर्ण विद्यार्थी |
2. नक्सल प्रभावित ( केवल LWE) घोषित ऐसे जिले अथवा नक्सल प्रभावित जिले के ऐसे भू-भाग जो अनुसूचित क्षेत्र में शामिल नहीं है वहीं पर आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय / अशासकीय शालाएं। (उक्त क्षेत्र के संबंध में जानकारी संलग्न है)
3. विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह(कमार, बैगा, बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, अबूझमारिया, पंडो तथा भुजिया) के विद्यार्थियों हेतु संपूर्ण प्रदेश क्षेत्र के रूप में मान्य होगा।

- <u>विद्यार्थियों के चयन हेतु मापदण्ड :-</u>

1. योजना नियमावली के कंडिका-04 में शामिल क्षेत्र के किसी विद्यालय से कक्षा10वीं वोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 %अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रवेश के समय अंकसूची प्रस्तुत करना होगा।
2. नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित परिवार के बच्चों पर उक्त प्रावधान लागू नहीं होगा। अर्थात् उन्हें संस्था में सीधे प्रवेश दिया जाएगा वशर्ते वह प्राक्चयन परीक्षा में शामिल हुआ हो। नक्सल हिंसा से परिवार प्रभावित है इसके लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

Scanned with OKEN Scanner

- **प्रश्न पत्र की रूपरेखा-:** प्रश्न की संख्या 120 तथा कुल 120 अंक होगा। प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा | ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं होगा, प्रश्न पत्र में विषयवार प्रश्नों की संख्या निम्नानुसार होगी:-

| क्र. | विषय | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | गणित/जीव विज्ञान<br>उपरोक्त में से किसी एक का चयन करना होगा। | 40 |
| 2 | मानसिक योग्यता | 40 |
| 3 | भाषा (हिंदी/अंग्रेजी) में से किसी एक का चयन करें। | 20 |
| 4 | सामान्य ज्ञान | 20 |
| | योग:- | 120 |

- **आवेदन पत्र जमा किया जाना-:** विभाग द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप में आवेदन ऑनलाईन भरकर जमा करना होगा। ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु लिंक prayasraigarh.in है।
- **परीक्षा तिथि एवं समय-:** निर्धारित केन्द्रों पर परीक्षा का आयोजन दिनांक 11.07.2026 प्रातः 10.00 से 01.00 बजे तक होगा। ओ.एम.आर. सीट में जानकारी भरने हेतु 15 मिनट (समय 09:45 से 10:00 बजे तक) अतिरिक्त समय दिया जायेगा |
- **प्रवेश हेतु पात्रता की सामान्य शर्ते/मापदंड :-**

(i) प्रवेश के समय विद्यार्थी कक्षा 10वीं प्रथम श्रेणी / समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना चाहिए।
(ii) छ०ग०. राज्य का मूल निवासी होना चाहिए। (स्थायी मूल निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें)
(iii) छ०ग०. राज्य द्वारा अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का हो। (स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)
(iv) विद्यार्थी को अन्य किसी विद्यालय से निष्कासित ना किया गया हो।
(v) शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र या शाला छोड़ने का प्रमाण पत्र।
(vi) विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र।

- **आवेदन पत्र भरने का तरीका:-** प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र का प्रारूप इस विज्ञप्ति के साथ संलग्न है। आवेदन पत्र में चाही गई जानकारी सही भरी जाये। आवेदन पत्र में गलत जानकारी पाये जाने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा जिसके लिए कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र के साथ वांछित अभिलेख अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाये।
- **परीक्षा संबंधी अन्य निर्देश**
  - परीक्षा में केल्कुलेटर या किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस प्रतिबंधित रहेगा।
  - किसी अभ्यर्थी के स्थान पर अन्य अभ्यर्थी इस परीक्षा बैठे जाने पर विद्यार्थी की परीक्षा निरस्त कर दी जाएगी तथा विधिक कार्यवाही की जाएगी|
  - नकल आदि करते हुए पाए जाने पर विद्यार्थी के ऊपर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner

- प्रवेश के संबंध में स्व. राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय योजना (संशोधित) नियमावली 2020 में उल्लेखित नियम एवं शर्ते लागू होगे।
- प्रवेश पत्रपरीक्षा केंद्र / संबंधी सूचना prayasraigarh.in वेबसाईट पर दी जाएगी |

- <u>शिक्षा का माध्यम एवं अध्यापन-:</u> विद्यालय में शिक्षण का माध्यम हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा मे होगा। विद्यालय में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित पाठ्यकम लागू होगा। अध्यापन एवं कोचिंग का कार्य "रूचि की अभिव्यक्ति" के तहत आउटसोर्स से चयनित कोचिंग संस्था द्वारा कराया जायेगा|
- <u>शाला में प्रवेशकाउंसलिंग के समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किये जाने वाले/ -: दस्तावेज / अभिलेखों की सूची</u>
- छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी होने का सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण पत्र।
- सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र।
- वर्ष में कक्षा 10वीं उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र। 26-2025
- शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र या शाला छोड़ने का प्रमाण पत्र।
- विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र।
- सिकलसेल जांच में रिसेसिव (वाहक) होने पर ही प्रवेश दिया जाएगा। डामिनेन होने पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा । इस हेतु प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

Digitally signed by
Shrikant Dubey
Date: 19-06-2026
10:54:24

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास रायगढ़

पृ.क्रमांक/I/239576/2026/आवि./प्रयास/2026-27 रायगढ़ दिनांक19-06-2026 1904
19/6/2026

1. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ|
2. कलेक्टर, जिला रायगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ |

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास रायगढ़

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक/I/239572/2026/आवि./प्रयास/2026-27 रायगढ़ दिनांक19-06-2026 1902 19/6/2026

-:::प्रेस विज्ञप्ति:::-

**मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 11वीं में रिक्त सीट की लेटरल एन्ट्री से प्रवेश सूचना प्रकाशन**

जिले में संचालित मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय जिला रायगढ़(छ.ग.) सत्र 2026-27 में कुल 54 रिक्त सीटों की संख्या पर लेटरल एन्ट्री के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है जिसमें परीक्षा की निर्धारित तिथि 11.07.2026, दिन-शनिवार, समय 10:00 से 01:00 बजे तक है। रिक्त सीटों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | संचालित संकाय | अजजा | | पीवीटीजी | | अजा | | अपिव | | सामान्य | | योग | | महायोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालक | कन्या | बालक | कन्या | बालक | कन्या | बालक | कन्या | बालक | कन्या | बालक | कन्या | |
| 1 | गणित/जीव विज्ञान | 18 | 4 | 3 | 2 | 5 | 3 | 4 | 5 | 8 | 2 | 38 | 16 | 54 |

(रिक्त सीटों की संख्या परिवर्तनीय है)

इच्छुक विद्यार्थी प्रयास आवासीय विद्यालय जिला रायगढ़ के वेबसाईट prayasraigarh.in पर नीति निर्देश का अवलोकन कर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है । अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के डाटा एन्ट्री ऑपरेटर श्री प्रीतम पटेल, मोबाईल नं. 6268246268 से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

Digitally signed by
Shrikant Dubey
Date: 19-06-2026
10:53:26

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास रायगढ़

पृ.क्रमांक/I/239572/2026/आवि./प्रयास/2026-27 रायगढ़ दिनांक19-06-2026 1903 19/6/2026

1. आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ|
2. कलेक्टर, जिला रायगढ़ की ओर सादर सूचनार्थ|
3. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला रायगढ़ की ओर सूचनार्थ |
4. सहायक संचालक, जिला जनसम्पर्क कार्यालय जिला रायगढ़ की ओर सूचनार्थ। कृपया 03 दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें|
5. सर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी जिला रायगढ़ की ओर सूचनार्थ | कृपया अपने विकासखंड स्तर के सभी विद्यालयों में प्रचार -प्रसार करने का कष्ट करें |

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास रायगढ़

Scanned with OKEN Scanner